प्रादेशिक समाचार

23.02.2017 1900 बजे

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री ने न्यू इंडिया की तर्ज पर न्यू झारखण्ड के निर्माण का जताया संकल्प।
2. राज्य के एक दिवसीय दौरे पर छह अप्रैल को प्रधानमंत्री का संताल परगना आगमन।
3. आयकर रिर्टन दायर करने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य।
4. शहीद दिवस के मौके पर राज्य भर में आयोजित कार्यक्रमों में भगत सिंह राजगुरू और सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि।

>>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

मुख्यमंत्री रघुवर दास ने न्यू इंडिया की तर्ज पर न्यू झारखण्ड के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया है। वे आज राज्य में निवेश प्रोत्साहन के मुददे पर राजधानी रांची में राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को बिल्कुल बरदास्त नहीं करेगी। उन्होंने जवाबदेह और जिम्मेवार प्रशासन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी सहायता से भ्रष्टाचार और बिचौलियों से भी मुक्ति मिल सकेगी। श्री दास ने कहा कि गरीबी को समाप्त करने के लिए सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में लघु तथा कुटिर बोर्ड का गठन किया जा रहा है।

>>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के एक दिवसीय दौरे पर छह अप्रैल को संताल परगना आएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री साहेबगंज में गंगा नदी पर प्रस्तावित पुल की आधारशिला रखेंगे। इस सिलसिले में सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राज्य के श्रम नियोजन और प्रशिक्षण मंत्री राज पलिवार ने हमारे विशेष संवाददाता से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा से संताल परगना के लोगों की लंबे समय से जारी मांग पूरी की जा सकेगी।

इधर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने इस यात्रा को राजनीति से प्रेरित बताया है। लिटटीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आगामी नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के मददेनजर पार्टी प्रवक्ता विनोद पाण्डेय ने इस यात्रा का विरोध किया है।

>>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जाति धर्म या सम्प्रदाय के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करती है। श्री सिंह आज लोकसभा में कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन के आरोपों का जवाब दे रहे थे। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार काम करने के प्रति वचनबद्ध है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि किसी राज्य में भाजपा सरकार के अंतर्गत कोई विशेष घटना सामने आती है तो उसकी जांच करायी जा सकती है।

>>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसला लिया गया। राष्ट्रीय आयोग को संवैधानिक संस्था के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस सिलसिले में शीघ्र संसद में विधेयक लाया जाएगा। आयोग के अंतर्गत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और तीन अन्य सदस्य होंगे। इसके साथ ही मंत्रिमंडल ने पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय आयोग को भंग कर दिया है।

>>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि आयकर रिर्टन दायर करने के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य बनाया गया है। केन्द्रीय वित्त मंत्री अरूण जेटली ने आज लोकसभा में वित्त विधेयक पर हुई बहस का जवाब देते हुए कहा कि कृषि आय पर कर लगाने का सरकार का काई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि नकदी लेनदेन की सीमा को घटाने का फैसला काले धन पर लगाम लगाने के लिए लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया चुनाव बॉन्ड जारी करने का फैसला चुनावी प्रकिया में पारदर्शिता लाने के लिए किया गया है। नोटबंदी के सरकार के फैसले की सराहना करते हुए श्री जेटली ने कहा कि इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

>>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने बालिकाओं की शिक्षा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। वे आज देवघर जिले के सारवां में आयोजित कार्यकम को सम्बोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में बालिकाओं की शिक्षा पर लगातार जोर दे रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए संकल्प के साथ काम करें।

राज्यपाल ने आज दुमका जिले के जरदाहा में मिनी टूल्स रूम में आयोजित कार्यकम में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कौशल विकास के लिए सरकार प्रत्यनशील है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर जुटाये जा सकेंगे।

>>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

राज्य सरकार नक्सल प्रभावित पलामू जिले में विकास गतिविधियों को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए मनातू एक्शन प्लान पर जोर दे रही है। मुख्य सचिव राजबाला वर्मा ने पलामू जिले के मनातू प्रखण्ड में विकास गतिविधियों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत मनातू एक्शन प्लान के अलावा तेरह फोक्स एरिया विकास योजना की भी समीक्षा की गयी। जिले के अट्ठावन पंचायतों और सौ से अधिक गांवों में योजनाओं को कार्य रूप दिया जा रहा है। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि मनातू एक्शन प्लान और कई योजनाओं की सहायता से क्षेत्र के ग्रामीणों के जीवन स्तरों में सुधार हुआ है। बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण, समाज कल्याण, मनरेगा, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा, खाद्य आपूर्ति और ग्रामीण सड़क जैसे मुददो पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। गृह सचिव एस0 के0 जी0 रहाटे और पुलिस महानिदेशक डी0 के0 पाण्डेय के अलावा अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया।

>>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

विश्व विद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिया है कि डिग्रियों और सर्टिफिकेट में सुरक्षा व्यवस्थाएं होने के अलावा विद्यार्थियों के फोटोग्राफ और आधार नम्बर जैसी पहचान प्रणाली शुरू की जाय। आयोग के सचिव जे0 एस0 संधु ने विश्व विद्यालयों को भेजे पत्र में कहा है कि ये विशेषताएं प्रमाण पत्रों का सत्यापन करने और नकल को रोकने में उपयोगी साबित हो सकेंगे। उन्होंने कहा है कि इससे देश में उच्च शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता और पारदर्शिता लाने में सहयोग मिलेगा।

>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में झरिया विधायक संजीव सिंह समेत पांच लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। जैसा कि आपको मालूम है पिछले मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े नीरज सिंह समेत चार लोगों की अंधाधुंध गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस बीच अभियुक्त बनाये जाने में झरिया विधायक संजीव सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन पर लगाये गये आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का वे पूरा सहयोग करेंगे। इस बीच पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि विशेष जांच दल पूरे मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि हत्यारों की धर पकड़ के लिए सभी आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं।

>>>>>>>>>><<<<<<<<<<

शहीद दिवस के मौके पर आज राज्य भर में आयोजित कार्यक्रमों में अमर शहीद भगत सिंह राजगुरू और सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। मुख्यमंत्री ने आज रांची में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज हमें कर्मयोगी बनने का संकल्प लेना चाहिए। जमशेदपुर में इस मौके पर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। नमन संस्था द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा को भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने झंडा दिखा कर रवाना किया।

>>>>>>>>>>समाप्त<<<<<<<<<<